सत्यमेव जयते

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मीडिया सम्मान

**(एवाईडीएमएस)**

**तीसरा संस्करण - 2024**

**(दिशानिर्देश)**

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय**

**भारत सरकार**

**10/06/2024**

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय**

**भारत सरकार**

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मीडिया सम्मान**

**(एवाईडीएमएस)**

**दिशा-निर्देश**

**I. शीर्षक**

इन्हें "मीडिया के लिए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मीडिया सम्मान (एवाईडीएमएस) संबंधी दिशानिर्देश" कहा जाएगा।

**II. उद्देश्य एवं लक्ष्य**

योग, हमारे देश की ऐसी प्राचीन परंपरा, जो तन-मन के सामंजस्य को प्राप्त करने के लिए शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कार्यकलापों को जोड़ती है, को बढ़ावा और प्रोत्साहन देना और इसके संबंध में जागरूकता सृजन करना। योग के प्रचार-प्रसार के लिए प्रिंट, रेडियो और टेलीविजन के प्रयासों को मान्यता देने के लिए ये एवाईडीएमएस बनाए गए हैं।

**III. लागू होना**

ये दिशानिर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

**IV. एवाईडीएमएस**

**क ) 22 भारतीय भाषाओं और अंग्रेजी में तीन श्रेणियों अर्थात प्रिंट, टेलीविजन एवं रेडियो के तहत तैंतीस (33) सम्मान निम्नानुसार हैं:**

1. 22 भारतीय भाषाओं और अंग्रेजी में **ग्यारह सम्मान -** "समाचार पत्रों **में योग पर सर्वश्रेष्ठ मीडिया कवरेज" श्रेणी के अंतर्गत प्रदान किए जाएंगे।**
2. 22 भारतीय भाषाओं और अंग्रेजी में **ग्यारह सम्मान - "इलेक्ट्रॉनिक मीडिया (टीवी) में योग पर सर्वश्रेष्ठ मीडिया कवरेज" श्रेणी के अंतर्गत प्रदान किए जाएंगे।**
3. 22 भारतीय भाषाओं और अंग्रेजी में **ग्यारह सम्मान - "इलेक्ट्रॉनिक मीडिया (रेडियो) में योग पर सर्वश्रेष्ठ मीडिया कवरेज" श्रेणी के अंतर्गत प्रदान किए जाएंगे।**

**ख ) सम्मान की विषय- वस्तु**

- **विशेष पदक/ पट्टिका/ ट्रॉफी**
- प्रशस्ति (साइटेशन)

**II. भागीदारी के लिए पात्रता**

i. यह प्रिंट मीडिया, रेडियो और टेलीविजन से जुड़े सभी मीडिया हाऊस/कंपनियों के लिए ओपन है, जिनके पास सूचना और प्रसारण मंत्रालय से पंजीकरण/अनुमति है।

ii. इसमें भागीदारी स्वैच्छिक है।

**III. मूल्यांकन के मानक**

i. योग पर ज्ञान के भंडार के कवरेज का योगदान।

ii. मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के साधन के रूप में लोगों के बीच योग को बढ़ावा देने पर कवरेज का योगदान।

iii. कंपनियां दिनांक 12-06-2024 से 25-06-2024 के दौरान सृजित और प्रकाशित लेख(लेखों) या ऑडियो विजुअल टेलीकास्ट/प्रसारण की प्रासंगिक क्लिपिंग्स के साथ निर्धारित प्रारूप में अपना विवरण प्रस्तुत करेंगी।

iv. प्रविष्टि के संबंध में पूरी सटीक जानकारी प्रदान करना प्रवेशकर्ता/आवेदक का उत्तरदायित्व है।

v. एक स्वतंत्र जूरी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मीडिया सम्मान (एवाईडीएमएस) का निर्णय लेगा।

IV. **आवेदन की प्रक्रिया**

i. सभी प्रविष्टियाँ ऑनलाइन स्वीकार की जाएँगी। अनुलग्नक 1 में पंजीकरण फॉर्म को पूरी तरह से भरकर ईमेल AYDMS2024.mib@gmail.com पर आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 8 जुलाई, 2024 से पहले भेजना होगा।

ii. प्रविष्टियों (अनुलग्नक 1 के अनुसार) में लेख/फोटो फीचर/ऑडियो विजुअल/ऑडियो क्लिप के साथ-साथ प्रकाशन या टेलीकास्ट या प्रसारण का विवरण भी शामिल होना चाहिए।

iii. **पंजीकरण फार्म में,** जैसा उल्लेख किया गया है**, फोटोग्राफ के साथ** वर्क **प्रोफ़ाइल (150-200 शब्द) भी शामिल हो**ना **चाहिए।**

V. **कार्यक्रम कैलेंडर -** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2024 के लिए मीडिया कवरेज हेतु एवाईडीएमएस **का कार्यक्रम :**

| **क्र. सं.** | **आयोजन का विवरण** | **तारीख / कार्यक्रम** |
|---|---|---|
| 1. | प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 08-07-2024 (शाम 5 बजे तक) |
| 2. | एवाईडीएमएस का परिणाम/घोषणा | बाद में सूचित किया जाएगा |
| 3. | एवाईडीएमएस सम्मान | बाद में सूचित किया जाएगा |

**VI. जूरी का विवरण**

सभी एवाईडीएमएस की अनुशंसा एक स्वतंत्र जूरी द्वारा की जाएगी।

**VII. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए मीडिया कवरेज हेतु एवाईडीएमएस हेतु सामान्य मानक**

1. केवल सभी प्रकार से पूर्ण आवेदनों पर ही मूल्यांकन हेतु विचार किया जाएगा
2. कोई प्रवेश शुल्क नहीं है.
3. ऐसी प्रविष्टियां अयोग्य घोषित कर दी जाएंगीी जिनके संबंध में यह पाया जाता है कि वे पत्र लिखकर, ईमेल भेजकर, टेलीफोन या व्यक्तिगत रूप से संपर्क करके या इस संबंध में किसी अन्य समान कार्यकलाप के माध्यम से जूरी के किसी भी सदस्य को प्रभावित कर रहे हैं।
4. यदि आवेदक द्वारा दी गई कोई भी जानकारी किसी भी तरह से अशुद्ध, गलत, अशुद्ध या झूठी पाई जाती है तो प्रविष्टि को अयोग्य ठहराया जा सकता है।
5. जूरी अपनी कार्य प्रक्रिया स्वयं विकसित करेगी।
6. जूरी का निर्णय अंतिम होगा और इस संबंध में किसी भी प्रकार की अपील या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।
7. विजेताओं को ईमेल/पोस्ट द्वारा सूचित किया जाएगा।
8. किसी अन्य जानकारी के लिए संपर्क करें: श्री एस. विजय गोपाल, उप सचिव, सूचना और प्रसारण मंत्रालय : दूरभाष: 011-23389202

*****

अनुलग्नक-1

सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मीडिया सम्मान (एवाईडीएमएस), 2024
के लिए पंजीकरण फॉर्म

1. टीवी चैनल/रेडियो चैनल/प्रिंट मीडिया का नाम: ......................................................

2. कंपनी के अधिकृत व्यक्ति का नाम: ......................................................

3. पता:

..........................................................................................................................................................................................

   i. शहर: ......................................................

   ii. राज्य: ..........................

   iii. पिन कोड:-

4. फोन न. : .......................................

5. ईमेल आईडी: ......................................................

6. भागीदारी का विवरण (लागू विकल्प पर निशान लगाएं)

7. श्रेणी

| **श्रेणी** | **विकल्प पर निशान(✓) लगाएं** |
|---|---|
| प्रिंट मीडिया में कवरेज | |
| इलेक्ट्रॉनिक मीडिया (टीवी) में कवरेज | |
| इलेक्ट्रॉनिक मीडिया (रेडियो) में कवरेज | |

8. भाषा:

9. कवरेज का विवरण संलग्न करें।

10. मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि दिया गया विवरण मेरी जानकारी के अनुसार सही है।

दिनांक:

हस्ताक्षर:

नाम: